ग्रामसमृद्धि महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

पता- चिंतामणी पटेल, ग्राम-धुरकोट वि.खं. डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)
पिन कोड-495692 (पंजीयन क्रमांक : 22AAMCG6618D1ZS)

पत्र क्रमांक/ 001 /FPC/धुरकोट /2026 धुरकोट, दिनांक 25/02/2026

// भर्ती विज्ञापन//

—000—

कार्यालय जिला पंचायत सक्ती का पत्र क्रमांक/4221/NRLM/जि.पं./2025 सक्ती दिनांक 24.11.2025 एवं जनपद पंचायत डभरा के पत्र क्रमांक/1054/NRLM/ज.पं./2026 डभरा दिनांक 24.02.2026 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार ग्रामसमृद्धि उत्पादक कंपनी लिमिटेड धुरकोट का गठन किया गया है। उक्त उत्पादक कंपनी में कृषक उत्पादक संगठन एफपीसी से संबंधित कार्यो, कुशल वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग सहयोग, लेखा संधारण, नियोजन इत्यादि कार्य को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु पदनाम –कृषक उत्पादक संगठन (एफपीसी) मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का चयन हेतु निम्नांकित शर्तो के अधीन आमंत्रित किया जाता है –

आवेदन करने की **प्रारंभिक तिथि 25.02.2026 अंतिम तिथि 11.03.2026 तक शाम 05.00 बजे तक** केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से पता **कार्यालय ग्रामसमृद्धि महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ग्राम–धुरकोट पोस्ट धुरकोट वि.ख.–डभरा जिला–सक्ती (छ.ग.) पिन नं. 495692** के पते पर आमंत्रित किया जावेगा, व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन, ई–मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे। अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

क्र.	पदनाम	अनारक्षित		अ.जा.वर्ग		अ.ज.जा.वर्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		कुल	
		मुक्त	महिला	मुक्त	महिला	मुक्त	महिला	मुक्त	महिला	मुक्त	महिला
1	कृषक उत्पादक संगठन मुख्य कार्यपालन अधिकारी (एफपीसी–सीईओ)	1	–	–	–	–	–	–	–	1	–
योग		1	–	–	–	–	–	–	–	1	–

उक्त रिक्त पदों की भर्ती हेतु नियम एवं शर्ते निम्नवत हैं:–

शैक्षिणक योग्यता :–

1 एफपीसी– सीईओ हेतु शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक या बीबीए या समकक्ष होना चाहिए ।

2 यदि स्व सहायता समूह में संलग्न सदस्य एवं उसके परिवार के सदस्य द्वारा उपरोक्त मानदण्डों को पूरा करते हैं तो चयन हेतु प्राथमिकता पर विचार किया जा सकता है।

3. अनुभव :– एफपीसी– सीईओ हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री उत्पाद, वनोपज स्थानीय उत्पाद के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग एवं मार्केटिंग में न्यूनतम 03 वर्ष का कार्यानुभव।

4. **अन्य आवश्यक योग्यता :–**

1 हिन्दी एवं अग्रेंजी भाषा में कार्य करने में सक्षम। साथ ही स्थानीय भाषा का ज्ञान हो।

2 कम्प्युटर एवं एम.एस. ऑफिस में कार्य करने में दक्ष हो।

3 रिपोर्ट लेखा एवं डेटा प्रबंधन में दक्षता।

4 आयु सीमा–अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो।

5. एफपीसी– सीईओ हेतु स्वयं का वाहन (दो–पहिया) क्षेत्र भ्रमण के लिए।

क्रमशः 02

6. **निवासी :–** छत्तीसगढ़ राज्य/जिले का मूल निवासी हो। (पात्र अभ्यार्थी ना मिलने की स्थिति में अन्य राज्य के अभ्यार्थियों का चयन किया जा सकता हैं।)

7. **मानदेय :–**

1 सीईओ – एफपीसी हेतु मासिक मानदेय एकमुश्त अधिकतम 15 से 25 हजार प्रतिमाह के मध्य बीओडी सदस्यों के अनुमोदन एवं जिला मिशन प्रबंधन ईकाई की सहमति पर निर्धारित किया जावेगा। जो कि अधिकतम 25 हजार तक प्रतिमाह होगी।

2 एफपीसी– सीईओ को कंपनी के वार्षिक शुद्ध लाभ के आधार पर बीओडी सदस्यों के अनुमोदन एवं जिला मिशन प्रबंधन ईकाई की सहमति पर शुद्ध लाभ का अधिकतम 05 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जा सकता है।

8. **चयन प्रक्रिया :– लिखित परीक्षा, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के आधार किया जावेगा।**

9. **सेवा समाप्ति :–**

1 यदि किसी भी एफपीसी सीईओ को वित्तीय कुप्रबंधन किसी भी रूप किसी अन्य अवैध गतिविधियों के संदिग्ध या कार्य प्रदर्शन संतोषजनक स्तर से नीचे होने पर बीओडी सदस्य की सहमति द्वारा निर्णय लिया जावेगा।

2 समिति में बीओडी सदस्य होगें। जांच समिति रिपोर्ट पर चयन एवं मूल्यांकन समिति द्वारा निर्णय लिया जावेगा।

3 समिति द्वारा एफपीसी सीईओ के कार्य संतोषजनक ना पाये जाने पर 03 कारण बताओ सूचना देने के पश्चात् स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तथा आरोप सही पाये जाने कि स्थिति में सहमति से दोषी की सेवा समाप्ति एवं दण्डित करने का संबंधित एफपीसी सीईओ को एक महिने का अग्रिम सूचना देकर सेवा समाप्ति किया जा सकता है।

4 एफपीसी सीईओ का पद छोड़ने से पहले हैण्ड ओवर प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

गणेशीचन्द्र निराला (signature)
डायरेक्टर
ग्रामसमृद्धि महिला फॉर्मर
प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड धुरकोट
DIRECTOR
GRAMSAMRIDDHI MAHILA FARMER
PRODUCER COMPANY LIMITED

पृ.क्र./002/FPC/धुरकोट

धुरकोट, दिनांक : 25/05/2026

प्रतिलिपिः–

1. कलेक्टर महोदय, जिला सक्ती की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सक्ती की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र अधिकारी, (NIC)जिला सक्ती की ओर उक्त विज्ञापन को https: https://sakti.cg.gov.in/en/notice_category/recruitment/ पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डभरा की ओर आवश्यक सहयोग करने हेतु सूचनार्थ।
5. सहायक संचालक जनसम्पर्क विभाग जिला सक्ती की ओर सूचनार्थ। आप उक्त विज्ञप्ति को किन्ही दो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

गणेशीचन्द्र निराला (signature)
डायरेक्टर
ग्रामसमृद्धि महिला फॉर्मर
प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड धुरकोट
DIRECTOR
GRAMSAMRIDDHI MAHILA FARMER
PRODUCER COMPANY LIMITED